तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 टेमरी पंचायत में अधिकारियों ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



13 बीएसपी में मान्यता यूनियन नहीं होने की ...



## खबर संक्षेप

### आवागन बाधित करने वाली दुकानों को हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर मॉडल टाउन के सामने चाट, गुपचुप, फल वालो द्वारा सड़क बाधित कर दुकाने संचालित की जा रही थी, जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा था। स्थानीय लोगो द्वारा इसकी शिकायत जनदर्शन में की गई थी। दुकान संचालको को कई बार स्वयं से दुकान हटाने के लिए बोला गया, फिर भी नहीं हटाया गया। सोमवार को सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा उक्त दुकानो को हटाने की कारवाई की गई। सभी दुकानों को रोड बाधित क्षेत्र से हटाया गया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्रवाई

**भिलाई।** जोन 1 अंतर्गत वार्ड 2 स्मृति नगर के व्यावसासियों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर में गंदगी पाए जाने सहित सोर्स सेग्रीगेशन नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करते हुये 9500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसी तरह जोन 2 के अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मे कार्यवाही करते हुए गौरव पथ रोड में 10 लोगों से रुपए 2100 का दंडिक शुल्क आरोपित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव पांडेय का आम नागरिकों से अपील है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। घरेलू सामग्री या सब्जी खरीदी हेतु घर से बाजार जाते समय थैला अपने साथ अवश्य रखें।

# एनएचएम कर्मचारियों का जल सत्याग्रह, 23वें दिन भी आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे एनएचएम कर्मचारियों ने आंदोलन के 23वें दिन जल सत्याग्रह कर विरोध जताया। पिकरी तालाब पहुंचकर सैकड़ों कर्मचारियों ने तिरंगा और मांगों से जुड़ी तख्तियां हाथों में लेकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों ने कहा कि वे ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के साथ स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें मेडिकल अवकाश, ग्रेड पे और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक से वंचित रखा गया है। लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, चिकित्सा अनुकंपा नियुक्ति और नियमितीकरण की मांग को लेकर संघर्ष जारी है। आंदोलनकारियों ने याद दिलाया कि वर्ष 2023 में हड़ताल के दौरान भाजपा नेताओं और तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने 100 दिनों के भीतर मांगों का निराकरण करने का आश्वासन दिया था। लेकिन 20 माह बीत जाने के बाद भी कोई लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है।

जिलाध्यक्ष पूरन दास, प्रवक्ता डॉ. बृजेश दुबे व डॉ. अभिषेक यादव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और उग्र होगा और किसी भी विषम परिस्थिति की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### जिला भाजपा कार्यालय का करेंगे घेराव, बोले- आप ने बनाया है तो आप संवारोंगे कब



#### ये रहे मौजूद

आज की रैली व जल सत्याग्रह में डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. तृप्ति दुबे, डॉ. सुमित मिश्रा, डॉ. निलेश देवांगन, डॉ. संजीव अवसरे, लक्ष्मी पटेल, कुशुम पटेल, दामिनी, दिनेश गंगबेर, प्रमोद साहू, अमर वर्मा, केशर साहू, गुलाब यादव, अमित दीक्षित, राजकमल ताम्रकार, सनत साहू, नेहा साहू, रेखा साहू सहित बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल रहे।

## आक्रोश

### युवती से संबंध स्थापित करने वाले की गिरफ्तारी व पुनः मेडिकल जांच की मांग

# पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट मरार समाज ने किया थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर में 24 अगस्त को मिले नवजात शिशु प्रकरण में पुलिसिया कार्रवाई को लेकर असंतुष्ट मरार समाज ने खम्हरिया थाना घेराव किया। समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष सुबह 9 बजे से देर शाम तक थाने में डटे रहे और थाना प्रभारी से सूचना देने वाले का नाम उजागर करने, युवती से संबंध स्थापित करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी तथा पुनः मेडिकल जांच की मांग की। थाने में गहमागहमी के माहौल को देखते हुए डीएसपी कौशल्या साहू, एसडीओपी मनोज तिर्की और थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने समाज के प्रमुखों से चर्चा कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया। थाना प्रभारी ने समाज के लोगों को मेडिकल रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और कहा कि निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई की गई है, बावजूद इसके समाज अपनी मांगों पर अड़ा रहा। उनका कहना था कि युवती गर्भवती नहीं थी और पुलिस ने दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई की है।



### डीएनए व नार्को टेस्ट की उठी मांग

मामले में अब समाज और परिजन युवती का नार्को टेस्ट और डीएनए टेस्ट कराने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सच्चाई सामने आएगी और नागरिकों का भरोसा भी कायम होगा। नगर में पुलिस की कार्रवाई को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया और चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना होगा कि पुलिस आगे क्या कदम उठाती है।

### पुष्पा पटेल ने सौंपा ज्ञापन

आरोपिया की माता पुष्पा बाई पटेल ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि उनकी पुत्री निर्दोष है। वह हमेशा परिवार के साथ रहती थी, कभी गर्भवती होने का आभास तक नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई और गुमराह करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का आरोप लगाया। पुष्पा पटेल ने प्रकरण की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग की है ताकि परिजन अनावश्यक मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना से बच सकें।

## ग्रामीणों ने चौक-चौराहे में शराब पीने वालों पर लगाया 11 हजार का जर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नशा उन्मूलन एवं शराबबंदी की दिशा में ग्राम जिया ने एक सराहनीय पहल की है। सिंघरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों की सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों और दुकानों के आसपास शराब पीने वालों पर 11 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सामाजिक-सांस्कृतिक बैठकों, उत्सव-त्यौहारों में शराब पीने या शराब पीकर पहुंचने वालों पर 2100 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। समाज ने यह भी तय किया है कि गांव में कोई भी व्यक्ति शराब का व्यवसाय नहीं करेगा। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि शराब के स्थान पर मौसमी फलों, सब्जियों और स्वास्थ्यवर्धक वस्तुओं का व्यवसाय करें। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि शराब नाश की जड़ है, जिससे हजारों परिवार टूट रहे हैं और सुख-शांति भंग हो रही है। इसलिए समाज हित में इस निर्णय का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। इस अवसर पर सिंघरौर कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य अमित वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि डे साहब वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

■ ग्राम जिया की अनोखी पहल क्षेत्रवासियों के लिए बनी मिसाल

## फरी स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस



हरिभूम न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम फरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साक्षरता सप्ताह के तहत गीत, भाषण, कविता, नाटक और पुस्तक वाचन जैसे विविध कार्यक्रम हुए।

बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसमें अनपढ़ होने से होने वाले नुकसान को जीवंत अंदाज में दिखाया गया। प्रधान पाठक बजरंग शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हर वर्ष 8 सितंबर को मनाया जाता है। शिक्षा केवल नौकरी पाने का जरिया नहीं, बल्कि जीवन का हर क्षेत्र शिक्षा से जुड़ा है। यह व्यक्ति के साथ पूरे समाज के विकास का आधार है। शिक्षिका स्मिता साहू ने जानकारी दी कि यह दिवस पहली बार 1966 में मनाया गया था। उन्होंने कहा कि साक्षरता एक बुनियादी मानव अधिकार है। यही सामाजिक-आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक भागीदारी की प्रमुख कुंजी है।

इस अवसर पर शिक्षिकाएं रुक्मणी साहू, सुनीता वर्मा, बीएड छात्र अध्यापिका द्रोपती ध्रुव, प्रगति यादव सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और साक्षरता के प्रति संकल्प के साथ हुआ।

■ गीत, भाषण, कविता सहित कई कार्यक्रम हुए

## राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए 6 खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

9 से 12 सितम्बर तक राजनांदगांव में होने वाली 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के 6 खिलाड़ियों का हॉकी खेल में चयन हुआ है। यह बेमेतरा जिले के लिए गर्व की बात है।

चयनित खिलाड़ियों में अंडर-19 बालक वर्ग कक्षा 12 से तुषार यादव, विजय कुमार विश्वकर्मा, रूपेश कुमार तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में कक्षा 11 से तन्नू बेग, निधि पाटिल और मानसी साहू शामिल हैं। सभी खिलाड़ी दुर्ग जोन से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका एवं कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में रोजाना 70 से 80 छात्र-छात्राएं हॉकी का नियमित अभ्यास करते हैं। उनके निरंतर प्रशिक्षण के कारण आज बारगांव हॉकी खेल गांव के नाम से पहचाना जाने लगा है। वर्तमान में यहां से 8 खिलाड़ी रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव की अकादमियों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्राचार्य तीक्ष्ण साहू ने खिलाड़ियों की सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल एवं समस्त शिक्षकों ने भी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

■ राजनांदगांव में शुरू हुई 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता




## कर्तव्य निर्वहन गंभीरतापूर्वक करें, विभागीय लक्ष्य की पूर्ति को दें प्राथमिकता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सजगता, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें। शासकीय कार्यों को समय-सीमा में पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेताया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

**ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता:** कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन ने पारदर्शिता और सुचिता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था लागू की है। ऐसे अधिकारी जो ई-ऑफिस में रुचि नहीं दिखाएंगे, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को बंद हो चुकी योजनाओं की शेष राशि शीघ्र ही राज्य शासन की संचित निधि में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई विभागों की राशि बैंकों में पड़ी हुई है, जिससे राज्य के विकास में उसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### अवैध शराब पर सख्ती

बैठक में कलेक्टर ने आबकारी विभाग को विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रय व परिवहन पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिलावटी शराब पर भी सख्ती बरतने को कहा और स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब कारोबार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में एडीएम अनिल वाजपेयी, सभी एसडीएम सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पैसे की मांग, युवक पर चाकू से हमला

**राजनांदगांव।** पेट्रोल डलाने के लिए पैसे की मांग करते आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के पारींनाला के पास आज सुबह के समय पारींनाला के पास एक युवक टेक प्रसाद को अज्ञात आरोपियों ने पेट्रोल डलाने के नाम पर पैसे की मांग करते चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया गया कि घायल युवक को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।

### विसर्जन जुलूस में हत्या करने वाला गिरफ्तार

**खैरागढ़।** गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के महज बारह घंटे के भीतर पुलिस ने हत्या के जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वो विधि से संघर्षरत नाबालिग है। जिसके चलते उसे पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर विधि अनुसार किशोर न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया। गौरतलब है कि दाऊचौरा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश विसर्जन को लेकर झांकी निकाला गया था।

### एनएचएम कर्मचारियों ने किया जल सत्याग्रह

**राजनांदगांव।** 23 दिनों से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज शहर के रानीसागर में उतरकर जल सत्याग्रह किया और सरकार से मांगे पूरी करने कहा। एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल से नारेबाजी करते रैली निकाली और शहर के रानीसागर में उतरकर अपनी मांगों को पूरी करने जल सत्याग्रह किया। एनएचएम के इस आंदोलन को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान निखिल द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता भी जल सत्याग्रह में शामिल हुए और पानी के बीच उतरकर प्रदर्शन किया। एनएचएम कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि हम अपनी जायज मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

सियासत : प्रेसवार्ता में भाजपा ने गिनाए लाभ

# जीएसटी कर में सुधार : भारत में रहने वाले प्रत्येक परिवार को न्यूनतम 40 से 50 हजार की होगी बचत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक जीएसटी कर सुधारों से आम आदमी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। चिमनानी ने दावा किया कि इन बदलावों से प्रत्येक परिवार को सालाना औसतन 40 से 50 हजार तक की बचत होगी, जबकि देश में लगभग 6 लाख करोड़ तक की खपत बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने गुरुवार को बेमेतरा एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अब घर बनाना और घर चलाना दोनों सस्ता होगा। सीमेंट, टीवी, एसी, रेफ्रिजरेटर और सजावट की वस्तुओं पर टैक्स दरों में कमी से निर्माण की लागत कम होगी। चिमनानी ने बताया कि अकेले सीमेंट पर 10 प्रतिशत टैक्स कटौती से घर बनाने की कुल लागत में लगभग 2 प्रतिशत की कमी आएगी। उन्होंने कहा कि चार की जगह अब केवल दो कर दरें लागू होंगी, जिससे टैक्स विवाद और लिटिगेशन के मामलों में भारी कमी होगी। प्रत्येक प्रदेश में जीएसटी ट्रिब्यूनल खुलने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी। वहीं जीएसटी का रजिस्ट्रेशन तीन दिन में तथा रिफंड सात दिन में मिलने से व्यापारियों और एक्सपोर्ट सेक्टर को भी बड़ा लाभ होगा।

खेती-किसानी और शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्र में भी इन बदलावों से खर्च घटेगा। ट्रैक्टर, पार्ट्स, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम और अन्य कृषि मशीनों पर जीएसटी कम कर दिया गया है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक सामान 10 प्रतिशत तक सस्ते होंगे, जिससे 50 हजार की खरीद पर लगभग 5 हजार की बचत होगी। सीएनजी कार पर 1.20 लाख और बीमा प्रीमियम पर 20 प्रतिशत तक बचत का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, विधायक दीपेश साहू, रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता हर्षवर्धन तिवारी एवं ललिता साहू उपस्थित रहे।

## नांदघाट में सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया गया



**नांदघाट।** ग्राम नांदघाट में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम नांदघाट के पूर्व उप सरपंच आरिफ बांठिया ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद रहे। बिलासपुर जाते समय स्वागत ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में किया। कार्यक्रम में रोली वैष्णव, जनक सेन, संजू ध्रुव, गोलू वैष्णव, मनु वैष्णव, बैसाखू यादव, पूरन निशाद, पेटटल पाल और वकील बाठिया सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में रखा शिक्षक दिवस सम्मान समारोह



**बेमेतरा।** पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या एवं रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक युगल किशोर जांगड़े एवं पूजा गवेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को श्रीफल भेंटकर व माथे पर तिलक लगाकर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्म ही पूजा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण से जीवन में सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी। शिक्षक दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में एमएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए और शिक्षकों को बधाई प्रेषित की।

# एचईडब्ल्यू योजना के तहत महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा भारत सरकार की संकल्प एचईडब्लू योजना अंतर्गत महिलाओं के लिए चल रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4-1 में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह अभियान 2 से 12 सितम्बर तक संचालित हो रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और अधिकारों की जानकारी दी गई। इसमें पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, लैंगिक समानता, सखी वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, बाल विवाह रोकथाम, साइबर क्राइम, विभागीय योजनाएं, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 जैसी सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेंडर विशेषज्ञ तमन्ना एवं सेवन्तिका, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक राखी यादव, पैरालीगल कार्मिक रामेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका सहित वार्ड की महिलाएं और किशोरी बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

# डिपार्टमेंट में लगाया ताला बाहर बैठकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में छात्रहित की मांग को लेकर महाविद्यालय के ऑटोनॉमस डिपार्टमेंट में पुलिस की मौजूदगी के बीच भी ताला लगाने में सफल रहे।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि विगत दिनों महाविद्यालय के बी. कॉम के छात्रों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात की गई थी, क्योंकि बी. कॉम सेकंड सेमेस्टर के बिजनेस मैथेमेटिक्स विषय में बहुत से छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। जबकि छात्रों का कहना है कि एक ही विषय में बहुत छात्र कैसे अनुत्तीर्ण हो सकते हैं। जबकि उनका पेपर अच्छा बना है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय लगातार नए-नए नियमों का हवाला देकर अपने दायित्वों से पीछे नहीं हट सकता है। उन्होंने मांग करते कहा कि छात्रों को उनके पेपर की हार्ड कॉपी देना चाहिए और आंसर शीट रिचेक करना चाहिए। अपने प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति, उज्ज्वल निर्मलकर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, जयंत पटेल, हर्ष साहू, राहुल साहू, मीनाक्षी, झरना देवांगन, उषा यादव, मोनिका निषाद, उमेश्वरी, गोविंद, खुशबू, प्रमोद, ओजस सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## सतनामी समाज के धर्मगुरु बाल दास का नगर आगमन, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**साजा।** सतनामी समाज के धर्मगुरु बाल दास साहब का नगर आगमन हुआ। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं जोरदार स्वागत किया। विश्राम गृह में विधायक ईश्वर साहू ले धर्मगुरु से आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष साहू जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू ,विधायक प्रतिनिधि नेतराम त्रिलोकी साहू, महामंत्री अरुण वर्मा, प्रवीण शर्मा ,राजू शर्मा ,लेखपाल यदु ,ज्वाला सिंह, राजपूत मनोहर, साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मनरेगा, आवास और बिहान योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

# टेमरी पंचायत में अधिकारियों ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**बेमेतरा/नवागढ़।** ग्राम पंचायत टेमरी में सोमवार को मनरेगा एवं आवास योजना के डायरेक्टर तारण सिन्हा और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व बिहान योजना के डायरेक्टर अश्वनी देवांगन पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामवासियों तथा बिहान समूह की दीदियों से संवाद किया। ग्रामवासियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याएं सामने रखीं। जिस पर अधिकारियों ने जिला व जनपद स्तरीय जिम्मेदारों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लखपति दीदी योजना और जल संरक्षण कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण ही गांव की सतत प्रगति की कुंजी है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कचरा प्रबंधन और स्वच्छता पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से श्रमदान के जरिए कचरा प्रबंधन करने और स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने की अपील की। ग्राम पंचायत में आवास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ सनत महादेवा ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य गांव को आत्मनिर्भर बनाना है। शासन की मंशा है कि हर जरूरतमंद तक योजना का लाभ पहुंचे। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से ही विकास कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे होंगे।

इस अवसर पर जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ, जिला पंचायत के अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिख समाज के जत्थे का टाटानगर में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ सेवा भाव को बताया सबसे बड़ा धर्म

छत्तीसगढ़ सिख समाज बेमेतरा जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा के नेतृत्व में पटना साहिब एवं राजगीर तीर्थ यात्रा जत्थे का टाटानगर पहुंचने पर साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और सिख पंचायत ने जोरदार स्वागत किया।

जत्थे का सत्कार स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया और श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा की व्यवस्था की गई। साकची गुरुद्वारा प्रधान सरदार निशान सिंह ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सेवा करना भी किसी तीर्थदर्शन से कम नहीं है। सेवा भाव ही सबसे बड़ा धर्म है और यही वाहेगुरु के दर पर सच्चा माथा टेकना है।

इस अवसर पर जत्थेदार हरदीप सिंह राजा छाबड़ा, इंदर सिंह दत्ता, शैली छाबड़ा और यश सलूजा ने टाटानगर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निशान सिंह सहित परमजीत सिंह काले, सतबीर सिंह सोमू, कुलविंदर सिंह, जसपाल सिंह जस्सी, सतनाम सिंह घुम्मन, रणधीर सिंह, सुखविंदर सिंह निक्कू, प्रितपाल सिंह, हरपाल सिंह सिद्धू, अमरपाल सिंह, बलदेव सिंह पप्पू, जगदेव सिंह, राजेश गांधी, नानक सिंह व बलबीर सिंह का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। यात्रा संयोजक छाबड़ा ने टाटानगर गुरुद्वारा समिति सहित रायगढ़ गुरुद्वारा प्रधान महेंद्र सिंह राजपाल, प्रीतपाल सिंह टुटेजा, चक्रधरपुर गुरुद्वारा प्रधान अजीत सिंह, बिलासपुर जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह और कवर्धा समाजसेवी गुरभेज सिंह मुटरेजा का भी सेवा कार्यों के लिए आभार जताया। प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने बिलासपुर, रायगढ़, चक्रधरपुर और टाटानगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सत्कार व लंगर सेवा की सराहना करते हुए वाहेगुरु से सभी श्रद्धालुओं के स्वस्थ और मंगलमय जीवन की कामना की। इस पावन यात्रा में जत्थेदार इंदर सिंह दत्ता, यश सिंह सलूजा, गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा और प्रिंस सिंह दत्ता भी शामिल रहे।

## रानो स्कूल- नेत्र परीक्षण शिविर में 75 बच्चों की हुई जांच




**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में चालीसवें नेत्रदान पखवाड़ा के तहत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एन.सी. देशमुख ने 75 छात्र-छात्राओं (39 बालक एवं 36 बालिकाओं) की आंखों की जांच की। डॉ. देशमुख ने बच्चों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और शिक्षिका प्रतीक जैन को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने चयनित बच्चों की पुनः जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों से नेत्रदान की अपील करते हुए कहा कि मृत्यु उपरांत भी किसी की आंखें दूसरों के जीवन में रोशनी बन सकती हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक किशुन राम साहू, कनकलता सरसुधे, अवध राम वर्मा, प्रतीक जैन सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बासीन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया।

प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने कहा कि साक्षरता लोगों को सशक्त और स्वतंत्र बनाती है। उन्होंने बताया कि यह दिवस 1966 से यूनेस्को द्वारा घोषित कर हर साल 8 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता लाना है। इस अवसर पर शिक्षिका सीमा रानी देवांगन ने सभी को शपथ दिलाई। बच्चों ने चित्रकला, स्लोगन लेखन व रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में किशन निषाद, जमुना ठाकुर, तीरीथ बाई, पुन्नी लाल गोंड़ सहित शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर बदलने, राशन कार्ड बनवाने और धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग

# जनदर्शन में 19 शिकायतें, कई मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



■ ग्रामीण पहुंचे अपनी शिकायत लेकर, कलेक्टर ने जल्द समाधान का दिया

जिला कलेक्टरेट के दृष्टि सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ग्रामीणों और आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया, वहीं गंभीर प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के सामने रखीं। ग्राम पंडरभट्ठा के ग्रामीणों ने 7 साल से ओवरलोड चल रहे ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की। ग्राम जामगांव की प्रेमलता बघेल ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया। ग्राम बाघुल के ग्रामीणों ने धान खरीदी का नया उपकेंद्र खोलने की मांग रखी, जबकि ग्राम मर्दही के शिवकुमार घृतलहरे ने आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम छीतापार के लोगों ने आम निस्तारी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके अलावा निराश्रित पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धापेंशन, दिव्यांग पेंशन, कटा हुआ रकबा जोड़ने और आम रास्ता खुलवाने से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

कलेक्टर शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

